# कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

नंदलाल बोरदिया मार्ग, जल विहार कालोनी तुकोगंज, इंदौर

दूरभाष क्रमांक 0731–2541498, फॅक्स नं. 0731–2536575

विज्ञप्ति क्रमांक .........01............/स्था./मु.अ./इंदौर/2014 दिनांक 13.02.2014

## संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय के ज्ञाप क्रमांक एफ–1–11/2010/1/34 भोपाल दिनांक 29.10.2010 में दिये निर्देशानुसार इंदौर परिक्षेत्र के अंतर्गत जिला स्तर/उपखण्ड स्तर पर स्थापित पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं में मानदेय के आधार पर रसायनयज्ञों एवं प्रयोगशाला सहायकों की संविदा नियुक्ति हेतु कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर में निम्नलिखित पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। पदवार आवेदन पत्र इस कार्यालय में दिनांक 28.02.2014 को सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए, तत्पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे, डाक द्वारा निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क. | जिला | पदस्थापना स्थान | जिलेवार रसायनज्ञ के पद | | | | | जिलेवार प्रयोगशाला सहायक के पद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ.जा. | अजजा | अपिव | **कुल** | अनारक्षित | अ.जा. | अजजा | अपिव | **कुल** |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | **8** | 9 | 10 | 11 | 12 | **13** |
| 1 | खण्डवा | खण्डवा | 1 महिला | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| | | उपखंड हरसूद | 1 | 0 | 1 | 0 | **2** | 1 महिला | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 2 | बुरहानपुर | उपखंड नेपानगर | 1 महिला | 0 | 0 | 0 | **1** | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 3 | धार | उपखण्ड सरदारपुर | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| | | उपखण्ड मनावर | 0 | 0 | 1 महिला | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| | | उपखण्ड कुक्षी | 0 | 1 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| 4 | आलीराजपुर | उपखण्ड जोबट | 0 | 0 | 1 महिला | 0 | **1** | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 5 | खरगोन | खरगोन | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| | | उपखण्ड भीकनगांव | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | 1 | 0 | **1** |

Advt. Chemiste

| क. | जिला | पदस्थापना स्थान | जिलेवार रसायनज्ञ के पद | | | | | जिलेवार प्रयोगशाला सहायक के पद | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ.जा. | अजजा | अपिव | **कुल** | अनारक्षित | अ.जा. | अजजा | अपिव | **कुल** |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | **8** | 9 | 10 | 11 | 12 | **13** |
| 6 | बड़वानी | बड़वानी | 0 | 0 | 1 निःशक्त | 0 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| 7 | मंदसौर | उपखण्ड भानपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 1 निःशक्त | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 8 | नीमच | उपखंड मनासा | 0 | 0 | 0 | 1 | **1** | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** |
| 9 | देवास | उपखण्ड बागली | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 10 | शाजापुर | उपखण्ड आगर | 0 | 0 | 0 | 0 | **0** | 1 महिला | 0 | 0 | 0 | **1** |
| | | **कुल** | **5** | **1** | **4** | **1** | **11** | **6** | **0** | **1** | **0** | **7** |

**नोट :–**

(1) उपरोक्त सभी वर्ग के लिए आरक्षित पदों में 30 प्रतिशत पद महिलाओं (महिला) के लिए आरक्षित हैं, पात्र महिला उम्मीदवार न मिलने पर उसी वर्ग के पुरूष उम्मीदवारों से पद भरे जायेंगे। निःशक्तता का प्रकार – श्रवण बाधित/अस्थि बाधित, निःशक्त जनों (निशक्त) के लिए आरक्षित पदों पर पात्र उम्मीदवार न मिलने पर उसी वर्ग के उम्मीदवारों से पद भरे जायेंगे।

(2) उपरोक्त पदों पर मानदेय के आधार पर, एक वर्ष की कालावधि हेतु संविदा अनुबंध पर नियुक्ति की जायेगी, कार्यप्रणाली संतोषप्रद होने पर वार्षिक आधार पर आवश्यकतानुसार अनुबंध नवीनीकृत किये जा सकेगें।

(3) रसायनज्ञ पद के लिए प्रतिमाह रूपये 3500/– (रूपये तीन हजार पॉच सौ) मात्र एवं प्रयोगशाला सहायक पद के लिए प्रतिमाह रूपये 2500/– (रूपये दो हजार पॉच सौ) मात्र मानदेय का भुगतान शासन द्वारा निश्चित किया गया है।

(4) **न्यूनतम आयु सीमा**–दिनांक 31.12.2013 को रसायनज्ञ पद हेतु न्यूनतम 21 वर्ष एवं प्रयाोगशाला सहायक पद हेतु न्यूनतम 18 वर्ष एवं दोनो पदों हेतु अधिकतम आयु सीमा सामान्य वर्ग के लिए 35 वर्ष, अ.जा., अ.ज.जा. तथा अ.पि.व. के लिए 40 वर्ष, सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए 45 वर्ष, अ.जा., अ.ज.जा. तथा अ.पि.व. की महिलाओं के लिए 50 वर्ष। विधवा, तलाकशुदा महिला सामान्य वर्ग के लिए 50 वर्ष एवं अ.जा., अ.ज.जा. तथा अ.पि.व. की विधवा तलाकशुदा महिलाओं के लिए 55 वर्ष होगी।

(5) **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता–रसायनयज्ञ पद** के लिए बी.एससी. (रसायन शास्त्र) के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस पद हेतु **''वॉटर, सीवेज तथा इंडस्ट्रियल वेस्ट परीक्षण''** का अनुभव प्राप्त उम्मीदवारों को अधिमान्यता दी जायेगी। **प्रयोगशाला सहायक** के लिए हायर सेकेण्डरी (10+2) रसायन शास्त्र विषय के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है ।

(6) **चयन**–मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा साक्षात्कार लिया जायेगा। शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के मैरिट एवं साक्षात्कार में प्राप्त होने वाले अंको के आधार पर चयन प्रक्रिया होगी।

(7) आवेदक को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है, मूल निवासी के संबंध में सक्षम अधिकारी का **स्थायी निवास प्रमाण पत्र** की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगी ।

(8) नियमानुसार आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु उम्मीद्वार को सक्षम अधिकारी द्वारा स्थायी रूप से प्रदत्त **जाति प्रमाण पत्र** की छायाप्रति संलग्न करना होगा ।

(9) आवेदक/आवेदिका का म.प्र. के किसी भी जिले का रोजगार कार्यालय में विज्ञापन जारी होने की दिनांक से एक माह पूर्व का **जीवित पंजीयन** होना अनिवार्य है जिसकी छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना होगी ।

(10) आवेदक/आवेदिका के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में अपराधिक प्रकरण चला अथवा विचाराधीन रहा है अथवा पुलिस में कोई प्रकरण पंजीबद्ध हुआ हो यदि हॉ तो उसका पूर्ण विवरण एवं न्यायालय में हुए निर्णय की जानकारी सहित शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(11) आवेदन पत्र का प्रारूप दिया जा रहा है जिसे निर्धारित प्रारूप में भरकर सीलबंद लिफाफे में व्यक्तिगत/डाक से प्रस्तुत करना अनिवार्य है, असत्यापित एवं अपूर्ण आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(12) आवेदन पत्रों की संख्या को देखते हुए साक्षात्कार हेतु बुलाने का पूर्ण अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी को होगा।

(13) साक्षात्कार हेतु कार्यालय द्वारा जारी किये गये बुलावा पत्र में दर्शायी गयी नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

(14) आवेदक/आवेदिका एक से अधिक जिलों का (अधिकतम 3 जिले) के लिये प्राथमिकता दे सकता है।

(15) नियुक्ति पश्चात् पद स्थापना उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये स्थानों में होना है।

(16) विज्ञापन में दर्शायी गयी पद रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि करने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी को होगा।

(17) अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक शैक्षणिक, जाति, मूल निवासी, रोजगार पंजीयन, विकलांगता एवं अनुभव इत्यादि के प्रमाणपत्रों की सत्यापित छायाप्रतियॉ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**मुख्य अभियंता, लो.स्वा.यां.वि. इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर**

## आवेदन पत्र का प्रारूप

| |
|---|
| नवीनतम स्व हस्ताक्षरित छायाचित्र |

प्रति,

मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

**विषय :— जिला ...................................... में ............................................... पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र।**

**आवेदन किस श्रेणी हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है ———————— (अजा/अजजा/अपिव/सामान्य/निशक्त)**

**वरीयता के जिले (1)..........................................(2)...........................................(3).......................................**

1. (अ) आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम (हिन्दी में) :— ..............................................................................................
   (ब) अंग्रेजी में (कैपिटल अक्षरों में) :— ....................................................................................................................
2. पिता/पति का नाम :— ..............................................................................................................................................
3. लिंग—(महिला/पुरूष) :— ...........................................................................................................................................
4. पत्र व्यवहार का पता (पिन कोड सहित) :— ..................................................................................................

   एवं दूरभाष/मोबाईल नंबर ......................................................................................................................................
5. जन्मतिथि (10+2 परीक्षा के प्रमाण पत्र पर आधारित) :— ..............................................................................
6. दिनांक 31.12.2012 को आयु .......................... वर्ष ........................ माह ........................ दिन ........................
7. जाति :— ..................................................................................... (सक्षम अधिकारी के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)
8. क्या आवेदक/आवेदिका निःशक्त है हॉं/ना :— ...............
9. निःशक्तता का प्रकार एवं प्रतिशत :— ..................................(सक्षम अधिकारी के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)
10. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक ...................................................... दिनांक ...................................

    एवं रोजगार कार्यालय का नाम ............................................(सक्षम अधिकारी के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति)
11. शैक्षणिक योग्यता :—...............................................................................................................................................

    .......................................................................................................................................... (प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति)
12. अनुभव यदि हो तो :— ............................................................................................... (प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रति)
    (वॉटर, सीवेज तथा इंडस्ट्रियल वेस्ट परीक्षण के अनुभव को अधिमान्यता)
13. संलग्न प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों की सूची —

(1) .................................. (2) .................................. (3) ..................................

(4) .................................. (5) .................................. (6) ..................................

### घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूॅं कि मेरे द्वारा ऊपर दी गई जानकारियॉं सत्य हैं । यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती हैं तो मेरे खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी । मैं यह भी घोषित करता/करती हूॅं कि मेरे अन्तिम जीवित बच्चों का जन्म (यदि दो से अधिक जीवित बच्चे हों तो) 26.01.2001 के पश्चात् नहीं हुआ है।

दिनांक .................... स्थान ..........................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

Advt. Chemiste